# संतों ने की लैंड जिहाद और लव जिहाद रोकने के लिए कड़ा कानून बनाने की मांग

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने केंद्र व राज्य सरकार से लैंड जिहाद व लव जिहाद के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लैंड जिहाद और लव जिहाद के खिलाफ कड़ा कानून समय की मांग है। सनातन धर्म, संस्कृति व समाज को विकृतियों से बचाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार को तत्काल कदम उठाने चाहिए।
रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को जिहाद से बचाने के लिए सबसे पहले लैंड जिहाद के खिलाफ कड़ा कानून बनाया जाना चाहिए। कड़ा कानून बनने से लैंड जिहाद पर रोक लगेगी। जिससे लव जिहाद अपने आप ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही अखाड़ा परिषद के संतों का प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंटकर उनसे लैंड जिहाद व लव जिहाद पर रोक लगाने के लिए कड़ा कानून बनाने की मांग करेगा। साथ ही कानून बनाने की मांग को लेकर संत समाज पूरे देश में जनजागरण अभियान भी चलायागा। अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमहंत हरिगिरी महाराज ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में किसी भी प्रकार के जिहाद के लिए कोई जगह नहीं है। संत समाज हिंदू हितों के संरक्षण के लिए कृतसंकल्प है। जिहादसंस्कृति को उत्तराखंड में पनपने नहीं दिया जाएगा।
भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी महाराज ने कहा कि षड्यंत्र के तहत फैलाए जा रहे लैंड जिहाद व लव जिहाद के खिलाफ संत समाज एकजुट है। सभी प्रकार के जिहाद का एक मात्र समाधान हिंदू राष्ट्र है। केंद्र सरकार को संसद के अगले सत्र में देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करने के लिए विधेयक लाना चाहिए।

## प्रधानमंत्री का भाषण ऐतिहासिक : मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण को ऐतिहासिक भाषण करार दिया है।
मुख्यमंत्री धामी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष का गठबंधन



सिर्फ राजनीति के लिए ही बनाया गया है।
उन्हें देश के विकास से कोई मतलब नहीं है। देश को बांटने का काम कांग्रेस और अन्य दलों ने किया है। जिसको सिलसिले वार प्रधानमंत्री ने संसद में विस्तार से बताया है।

# निगम के 51 वार्डों में जीआईएस मैपिंग का काम पूरा : मनुज गोयल

**मैपिंग**

**8 अधिकारियों का कहना है कि शहर में ऐसे भवनों की संख्या हजारों में है जिनकी टैक्स चोरी की गई है**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम अपनी आय बढ़ाने के लिए कई नये प्रयोग कर रही है। इसी में जियोग्राफिक इनफार्मेशन सिस्टम (जीआईएस) मैपिंग का काम भी शामिल है। इससे यह पता चल जाएगा कि भवन स्वामियों द्वारा कर चोरी का काम तो नहीं किया जा रहा है।
नगर निगम के आयुक्त मनुज गोयल ने शुक्रवार को बताया कि नगर निगम के 51 वार्डों में जियोग्राफिक इनफार्मेशन सिस्टम



मैपिंग का काम पूरा हो गया है। अनुबंध कंपनी ने इन वार्डों में करीब ढाई लाख संपत्तियों का रिकॉर्ड निगम को सौंपा है। अब निगम इसका सत्यापन करेगी। इसके बाद आवासीय और कमर्शियल भवन मालिकों को नोटिस भेजे जाएंगे, जिन्होंने हाउस टैक्स जमा नहीं किया है। अधिकारियों का कहना है कि शहर में ऐसे भवनों की संख्या हजारों में है जिनकी टैक्स चोरी की गई है।
ऐसे में कहीं ना कहीं जीआईएस मैपिंग के तहत हाउस टैक्स और कमर्शियल भावना का टैक्स ना जमा करने वालों पर कार्रवाई हो सकेगी।

## हल्द्वानी में तीसरे दिन शुरू हुआ फिल्टर प्लांट

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी में तीन दिनों से बंद पड़ा जल संस्थान का फिल्टर प्लांट शुरू हो गया है। गौला बैराज में नहर क्षतिग्रस्त होने से पानी की सप्लाई बंद हो गई थी। इससे हल्द्वानी के लिए पेयजल की सप्लाई करने वाला फिल्टर प्लांट भी बंद हो गया। गुरुवार देर रात सिंचाई विभाग ने बैराज के चैनल और नहर से मालबा हटाकर पानी की आपूर्ति शुरू की। इसके बाद ही फिल्टर प्लांट दोबारा से शुरू हो पाया।
जल संस्थान की सहायक अभियंता नीरज तिवारी के अनुसार नदी के पानी में सिल्ट की मात्रा ज्यादा होने से प्लांट की क्षमता प्रभावित हो रही है।

# बदरीनाथ मंदिर के सिंह द्वार की दरारों की मरम्मत और रखरखाव का कार्य शुरू

**गहन परीक्षण**

**8 डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि एएसआई ने दरारों के गहन परीक्षण के लिए ग्लास टायल लगाये थे।**

**देहरादून/गोपेश्वर**
बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सहयोग से बदरीनाथ मंदिर के सिंह द्वार में सूक्ष्म दरारों का उपचार-मरम्मत और रखरखाव के प्रथम फेज का कार्य पूजा-अर्चना के पश्चात शुरू कर दिया गया है। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बीते वर्ष 2022 में शासन से बदरीनाथ मंदिर सिंह द्वार और लक्ष्मी मंदिर की दीवारों में सूक्ष्म दरारों और सिंह द्वार के मध्य में हल्के जल रिसाव के उपचार और मरम्मत के लिए अनुरोध किया था। एएसआई अपर महानिदेशक (संरक्षण एवं वर्ल्ड हेरिटेज) जान्ह्वीज शर्मा से इस संबंध में विस्तृत वार्ता की थी। जिस पर अक्टूबर 2022 के प्रथम सप्ताह में आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) ने अपनी टीम से सिंह द्वार का निरीक्षण कराया था और सिंह द्वार में हल्की दरारों की पुष्टि हुई थी।
बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि एएसआई ने दरारों के गहन परीक्षण के लिए ग्लास टायल लगाये थे। इससे दरारों के घटने-बढ़ने का सही आंकलन हो सके। ग्लास टायल लगाने के बाद पुनः एएसआई द्वारा सिंह द्वार का निरीक्षण किया गया, लेकिन दरारों में अधिक बदलाव अथवा बढ़ोतरी नहीं हुई। अब प्रथम फेज में सिंह द्वार के दाएं भाग के मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। सिंह द्वार के दोनों छोर का क्रमशः उपचार कार्य किया जा रहा है। सिंह द्वार के उपचार कार्य से पहले विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। इस अवसर पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित सहायक अभियंता गिरीश देवली, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, वेदपाठी रविन्द्र भट्ट, एएसआई ट्रीटमेंट एक्सपर्ट नीरज मैठाणी व आशीष सेमवाल, अवर अभियंता गिरीश रावत आदि मौजूद रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### उत्तराखंड में बारिश से राहत नहीं, 15 अगस्त तक के लिए रेड, ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में पहाड़ चटकने और भूस्खलन की घटनाएं लोगों पर मुसीबत बन कर टूट रही हैं। मैदानी क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति बनी हुई है। राज्य में 03 राष्ट्रीय और 04 बॉर्डर मार्ग सहित लगभग 205 सड़कें बाधित हैं, जिन्हें खोलने का कार्य जारी है। प्रदेश भर में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश को लेकर 15 अगस्त तक के लिए रेड, ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों और आपदा विभाग को अलर्ट पर रहने के निर्देश देते हुए यात्रियों से इन दिनों में यात्रा करने से परहेज करने की अपील की है।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के कई जिलों में रेड और ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी को देखते हुए सभी प्रदेशवासियों और पर्यटकों से अनुरोध किया कि अनावश्यक यात्रा से परहेज करें। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन और एसडीआरएफ को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं भी संबंधित अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर प्रत्येक परिस्थिति की मॉनिटरिंग कर रहा हूं।
देहरादून सहित प्रदेश भर में रूक-रूक कर बारिश हो रही है। आसमान में घनघोर बादल छाए हुए हैं। हरिद्वार गंगा का जल स्तर 292.75 मीटर के साथ खतरे के निशान से नीचे है।
मौसम विभाग की ओर से जारी पूवार्नुमान के मुताबिक राज्य में आज के लिए सात जिले पौड़ी गढ़वाल, देहरादून, टिहरी गढ़वाल, चंपावत नैनीताल उधम सिंह नगर के लिए ऑरेंज और चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, हरिद्वार के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में 12 से 14 अगस्त के लिए पौड़ी गढ़वाल, देहरादून, टिहरी गढ़वाल, चंपावत, नैनीताल, उधम सिंह नगर जिले के लिए रेड और हरिद्वार के लिए ऑरेंज और उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश भर के लिए 15 अगस्त के लिए आरेंज और येलो अलर्ट जारी है। प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से सड़कों पर मलबा आने से पौड़ी, देहरादून और पिथौरागढ़ जिले में एक-एक सहित कुल 03 राष्ट्रीय राजमार्ग और 04 बॉर्डर मार्ग के समेत 205 सड़कें अवरुद्ध हैं।

### नए मतदाता बनाए जाने की प्रक्रिया ऋषिकेश में हुई प्रारंभ

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार ऋषिकेश विधानसभा के पोलिंग बूथों पर जहां आप अपना वोट डालते हैं, वहां पर 30 अगस्त तक सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक फोटो मतदाता सूची में नाम जोड़ने, करेक्शन करने अथवा मृत्यु व अन्य कारण से वोटर सूची से नाम पृथक करने तथा नया वोटर कार्ड बनवाने के लिए वोटर कार्ड में कोई भी करेक्शन करवा सकते हैं। यह जानकारी तहसील विभाग चमन सिंह ने दी।
उन्होंने बताया कि वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाने के लिए मतदाता को दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, राशन कार्ड की फोटो कॉपी या आधार कार्ड की फोटो कॉपी, जन्मतिथि प्रमाण-पत्र की फोटो कॉपी, 18 वर्ष आयु होनी चाहिए, घर के किसी एक सदस्य के वोटर कार्ड की फोटो कॉपी लेकर आना होगा। वहीं किन्ही कारणों से वोटर लिस्ट में यदि किसी मृत व्यक्ति अथवा किसी अन्य कारण से छोड़कर जाने वाले व्यक्ति का नाम अंकित है, को कटवाना चाहते हैं, उसी भाग संख्या का आवेदन बीएलओ को देकर वोटर लिस्ट से नाम कटवा सकते हैं। इसके लिए सभी बीएलओ पोलिंग बूथ पर बैठेंगे।
उन्होंने बताया कि वोटर लिस्ट में अपना नाम जरूर चेक कर लें। इस भरोसे में न रहें कि पिछले चुनाव में हमने वोट डाला था, तो हमारा लिस्ट में नाम तो होगा ही। ऐसा नहीं है। अब लिस्ट आई है इसमें बहुत लोगों के नाम नहीं है। इसी के साथ तहसीलदार ने यह भी बताया कि वोटर कार्ड से सम्बंधित किसी अन्य समस्या के लिए भी अपने बूथों पर बीएलओ से सम्पर्क किया जा सकता है। वोटर आईडी कार्ड कहीं का बना हो वह बीएलओ के पास जाकर अपना वोटर आईडी कार्ड शिफ्ट करा सकते हैं और अपना वोटर आईडी कार्ड बना है या नहीं वह भी चेक कर सकते हैं।

# शांतिकुंज में पुनर्बोध प्रशिक्षण शिविर शुरू



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा का वर्ष 2026 में जन्मशताब्दी वर्ष है। शांतिकुंज वर्ष 2026 से पूर्व देश के कोने-कोने में गायत्री, यज्ञ व भारतीय संस्कृति को पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। इन्हीं उद्देश्यों को लेकर आगामी दिनों में देश-विदेश के अनेक स्थानों में अश्वमेध गायत्री महायज्ञ, 108, 51, 24 व 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का श्रृंखला बद्ध आयोजन प्रस्तावित है। इन्हीं कार्यक्रमों के संचालन के लिए शांतिकुंज में केन्द्रीय टोली पुनर्बोध प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें प्रतिभागियों को यज्ञ, संस्कार, भारतीय संस्कृति के विस्तार हेतु विविध विषयों पर विषय विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे।
पांच दिवसीय इस पुनर्बोध प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ केन्द्रीय जोनल समन्वयक डॉ. ओपी शर्मा, शिवप्रसाद मिश्र आदि वरिष्ठ केन्द्रीय प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. ओपी शर्मा ने कहा कि मनुष्य की पहचान उनकी वैचारिक शक्ति से होती है। वेदमाता गायत्री की साधना साधक में शक्ति का संचार करती है। मां गायत्री मनोयोगपूर्वक साधना में जुटे साधक का आत्मिक, भौतिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए पथ प्रशस्त करती है। गायत्री धर्म वर्ग, सम्प्रदाय से ऊपर है। अपने पांच दशक से अधिक के अनुभवों का उल्लेख करते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि गायत्री महामंत्र का जप प्रत्येक मनुष्य कर सकता है।
शिविर समन्वयक ने बताया कि पांच दिन चलने वाले पुनर्बोध शिविर में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी विशेष मार्गदर्शन व आशीर्वचन देंगे। उन्होंने बताया कि मुम्बई में जनवरी 2024 में अश्वमेध गायत्री महायज्ञ निर्धारित है। अश्वमेध महायज्ञ की तैयारी के लिए अगले माह कई टोलियां रवाना होंगी। प्रशिक्षण शिविर में झारखण्ड, मध्य प्रदेश, गुजरात, दिल्ली आदि राज्यों के चयनित प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण हटाने का नोटिस मिलने के बाद दुकानदारों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
रानीबाग से भीमताल और नैनीताल रोड पर सड़क के किनारे बने 250 से अधिक मकान और दुकानों को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा चिन्हित किया गया है और उनको नोटिस भी भेजा गया है। नैनीताल हाई कोर्ट के निर्देश पर सड़क किनारे से अतिक्रमण को तोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को भीमताल क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने हल्द्वानी के बुध पार्क में जिला प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और दुकानदारों ने कहा कि वह 50 साल से अधिक समय से वन पंचायत की भूमि पर अपना रोजगार कर रहे हैं।

# हत्या के प्रयास में फरार आरोपित गिरफ्तार

**कार्यवाही**

**8 पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हत्या के प्रयास के मामले में फरार चले रहे एक आरोपित को पुलिस ने स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक नगर कोतवाली हरिद्वार में मार्च माह में हत्या के प्रयास में दर्ज मुकदमे में आरोपित आलोक गुसाई पुत्र चाद प्रकाश निवासी



कोतवाली नगर हरिद्वार फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपित को भूमा निकेतन घाट ठोकर नम्बर 12 के पास से 14.10 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था।

# डीएवी कॉलेज में 1895 छात्रों ने लिया प्रवेश: प्रो. केआर जैन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
डीएवी कॉलेज की प्रथम वरीयता सूची के बाद प्रतीक्षा सूची भी जारी कर दी गई है जिसके माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो गई है। पहली वरीयता सूची और प्रतीक्षा सूची में 1895 छात्रों ने अपना प्रवेश ले लिया है। यह जानकारी शुक्रवार को डीएवी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. केआर जैन ने दी है।
उत्तराखंड के सबसे बड़े कॉलेज डीएवी पीजी कॉलेज में सेंट्रल यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर स्नातक में प्रवेश के लिए प्रक्रिया चल रही है। पहली वरीयता सूची के बाद प्रतीक्षा सूची भी जारी कर दी गई है। इन दोनों सूचियों में 1895 छात्रों ने प्रवेश प्राप्त कर लिया है।



प्रो. केआर जैन ने बताया कि कॉलेज में यूजी की कुल 3815 सीटें हैं और अभी तक 3403 छात्रों के पंजीकरण हुए हैं। जिसमें 546 इनएक्टिव पाए गए यानी



कुल 2857 पंजीकरण सही पाए गए। मेरिट की पहली लिस्ट और मेरिट की पहली वेटिंग लिस्ट के छात्रों का एडमिशन जारी है। अभी तक 1895 छात्रों को ही दाखिला मिल पाया है। अन्य सीटें खाली पड़ी हैं। आखिरी वेटिंग लिस्ट के बाद जितनी सीटें खाली रहेंगी, इसमें फिर से पंजीकरण शुरू कर दिया गया है।

# प्रदेश की पैक्स समितियों को कंप्यूटराइज्ड किया जाएगा: डॉ. धन सिंह रावत

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
जिला सहकारी बैंक टिहरी की शुक्रवार को नई टिहरी बहुउद्देशीय सभागार में वार्षिक सामान्य बैठक आयोजित हुई। बैठक का कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, डीसीबी जिलाध्यक्ष सुभाष रमोला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।
बैठक में सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश की सभी पैक्स समितियों को कंप्यूटराइज्ड कर लिया गया है। जल्द ही जिले की सभी बैंक शाखाओं को नेशनल बैंक की तरह आधुनिक इंटरनेट बैंकिंग से भी जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने सहकारिता मंत्रालय की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा



कि अब तक प्रदेश में आठ हजार किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया है। 7200 समूहों को ऋण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया गया है। प्रदेश के सहकारी बैंकों का 500 करोड़ के लाभांश का लक्ष्य निर्धारित है। गरीब किसानों के बेटा-बेटियों को उच्च शिक्षा परीक्षा की तैयारियों के लिए भी निशुल्क पैसा दिया जाएगा। एक-एक किसान को खेती के मॉडल के लिए मुफ्त में विदेश भेजा जाएगा। नियुक्तियों को भी पारदर्शी करने का काम किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जिन जगहों पर बैंक शाखा खोलने की आवश्यकता होगी, वहां बैंक शाखाएं खोली जाएंगी।
जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सुभाष रमोला ने कहा कि पांच साल के भीतर बैंक के शुद्ध लाभ को सवा करोड़ से बढ़ाकर 31 करोड़ तक पहुंचाया गया है। 600 करोड़ का बिना ब्याज का ऋण किसानों को बांटा है। जिले में एसबीआई के बाद डीसीबी सर्वाधिक लाभ कमाने वाला बैंक बना है। बैंक लोगों को विभिन्न योजनाओं के लिये ऋण उपलब्ध करा रहा है।

# 15 दिन के भीतर विकास खंडों में खुल जाएंगे ओपन जिम: जितेन्द्र

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश सरकार स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर ओपन जिम खोलने का मन बना रही है लेकिन मुख्यमंत्री स्वास्थ्य संवर्धन योजना के अंतर्गत प्रत्येक न्याय पंचायत में खुलने वाले ओपन जिम में पलायन एक बहुत बड़ा रोड़ा बना है। साथ ही युवक मंगल दल और महिला मंगल दल की निष्क्रियता के चलते भी 17 प्रतिशत से ज्यादा स्थानों पर यह ओपन जिम नहीं खुल पाए हैं। यह जानकारी शुक्रवार को खेल निदेशक जितेंद्र सोनकर ने


**उत्तर रेलवे**
G20
**ई–नीलामी**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन वाटर वेंडिंग मशीन, हेल्थ क्योस्क, वेटिंग रूम के कार्य को IREPS के माध्यम से विभिन्न स्टेशन पर ठेके पर देने हेतु ई–बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 28.08.2023 एवं 29.08.2023 को आमन्त्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| क्र.सं. | कैटेगरी | ई–बोली की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | वाणिज्य विज्ञापन ट्रेनों के ऊपर विनायल रैपिंग, होर्डिंग्स, ग्लोसाइन बोर्ड, LEDs | 28.08.2023 |
| 2. | वाटर वेंडिंग मशीन | 28.08.2023 |
| 3. | हेल्थ क्योस्क | 29.08.2023 |
| 4. | वेटिंग रूम (देहरादून स्टेशन) | 29.08.2023 |

3501/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आज विश्व में भारत और भारतीयों के प्रति आदर और सम्मान का भाव है : राज्यपाल

**जय हिन्द**

8 राज्यपाल ने ये बातें राजभवन ऑडिटोरियम में आयोजित जय हिन्द..एक फौजी ऐसा भी कार्यक्रम में कही



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि गुलामी के बाद 76 वर्षों में भारत अपने सामर्थ्य से विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु की प्रतिष्ठा को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। आज पूरे विश्व में भारत और भारतीयों के प्रति आदर और सम्मान का भाव है। राज्यपाल ने ये बातें शुक्रवार को राजभवन ऑडिटोरियम में आयोजित ह्यह्यजय हिन्द..एक फौजी ऐसा भीह्नह्न कार्यक्रम में कही। भारतीय सेना के वीर सैनिकों पर आधारित इस कार्यक्रम में उनके शौर्य, साहस और बलिदान की अमर गाथाओं को लघु फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आईटीबीपी के जवान अर्जुन खेड़ियाल ने तेरी मिट्टी में मिल जावां, गुल बनके मैं खिल जावां...के गाने से सभी उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने भारतीय सेना की सेवाओं के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि ओहो रेडियो द्वारा अपने बहादुर सैनिकों को याद और नमन करने के लिए प्रारंभ किया गया यह कार्यक्रम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का इतिहास विशिष्ट, उच्च स्तर का और गौरवशाली रहा है। भारतीय सेना की शौर्य गाथाएं किसी भी भारतीय का सीना गर्व से भर देती है। भारतीय सैनिकों के शौर्य, साहस, पराक्रम और बलिदान की गाथाएं सदियों से गाई जाती रही हैं। यह गाथाएं इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि एक सैनिक और उसका परिवार हमेशा देश सेवा के लिए कार्य करता है और वह राष्ट्र प्रथम की भावना से अभिप्रेरित रहता है। राज्यपाल ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमने भारत जैसे महान देश में जन्म लिया है। कई वर्षों की गुलामी के बाद 76 वर्षों में भारत अपने सामर्थ्य से विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु की प्रतिष्ठा को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। हमें याद रखना चाहिए कि जब हम आजाद हुए तो हमारे सामने कई चुनौतियां थीं, लेकिन सभी चुनौतियों का सामना हमारे देश ने मजबूती से किया और भारत विश्व का तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।
उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे हमेशा बड़े सपने देखें और उन सपनों को पूरा करने के लिए संकल्प लें। ऐसा संकल्प जिसका कोई विकल्प न हो। उन्होंने कहा कि अपने आपको अपनी प्रेरणा बनाएं और कड़ी मेहनत व लगन से राष्ट्र और समाज के लिए कुछ न कुछ अवश्य योगदान देने का प्रयास करें।
उन्होंने बच्चों को टेक्नोलॉजी, एआई जैसे आधुनिक तकनीकों को अपनाने को कहा। कार्यक्रम में राज्यपाल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं व अन्य लोगों से संवाद किया और उनकी जिज्ञासाओं और प्रश्नों के जवाब दिए।

## प्रेस क्लब के सदस्यों ने पुण्यतिथि पर किशोरी दास वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
प्रेस क्लब हरिद्वार के सदस्यों ने शुक्रवार को हिन्दी व्याकरण के पाणिनी कहे जाने वाले आचार्य किशोरी दास वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रेस क्लब सदस्यों ने कनखल चौक स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यापर्ण किया। उसके पश्चात प्रेस क्लब में उनकी मूर्ति पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्य प्रो. पीएस चौहान ने विस्तृत रूप से आचार्य किशोरी दास वाजपेयी के बारे में बताते हुए कहा कि वह हिन्दी भाषा में सुधारों के लिए कार्य कर रहे थे और उस समय उन्हें प्रधानमंत्री की ओर से सम्मानित भी किया गया था। प्रो. चौहान ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी द्वारा लगाई गयी इमरजेंसी का वाजपेयी ने विरोध किया था और इसके खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब को वाजपेयी पर डाक टिकट जारी कराने के लिए कार्य करना चाहिए और उनके नाम पर हिन्दी भाषा के उत्थान के लिए कार्य कर रहे विश्वविद्यालयों में एक चेयर होनी चाहिए।

## मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया तीन घंटे का कार्य बहिष्कार



**मांग**

8 ऋषिकुल गुरुकुल आयुर्वेद कॉलेज को पूर्व की भांति राज्य सरकार में नियंत्रण में कर दिया जाए

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के पूर्व प्रस्तावित आंदोलन के क्रम में शुक्रवार को शिक्षणेत्तर संगठन के तत्वाधान में गुरुकुल, ऋषिकुल आयुर्वेद कॉलेज हरिद्वार, प्रशासनिक भवन व मुख्य परिसर हरावाला देहरादून के कर्मचारियों ने द्वितीय प्रथम चरण के प्रथम दिन 3 घंटे तक अपने-अपने परिसरों में कार्य बहिष्कार किया। ऋषिकुल परिसर में कार्यक्रम की अध्यक्षता संध्या रतूड़ी. संचालन चंद्र प्रकाश ने तथा गुरुकुल आयुर्वेद कॉलेज में जगजीत सिंह केंतुरा की अध्यक्षता, व मुख्य परिसर में लक्ष्मी उनियाल द्वारा आंदोलन को संचालित किया गया। जिसमें सभी कार्मिकों ने अपनी सहभागिता दी।
आयुर्वेद विश्वविद्यालय के टीचर वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर उपस्थित होकर लिखित रूप से शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ को अपना समर्थन देने की बात कही। विश्वविद्यालय टीचर वेलफेयर संघ के पदाधिकारी डॉक्टर संजय त्रिपाठी, डॉक्टर कृष्ण कुमार शर्मा तत्कालीन कुल सचिव सुरेश चौबे ने संयुक्त रूप कहा कि यदि विश्व विद्यालय कार्मिकों की मांगो का निस्तारण समय से नहीं करता तो शिक्षक संघ को भी आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। आंदोलन कार्यक्रम के दौरान उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के उप सचिव सुमित कुमार, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह नेगी कर्मचारी संघ के जेपी चाहर ने कहा कि विश्वविद्यालय में कार्यरत कार्मिकों का दो माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन के अलावा भी अन्य मांगे हैं जिस पर अपनी प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। यदि जल्द ही हमारी मांगों का निस्तारण नहीं किया तो हमको विवश होकर आंदोलन को उग्र रूप देना पड़ेगा। कहा कि ऋषिकुल गुरुकुल आयुर्वेद कॉलेज को पूर्व की भांति राज्य सरकार में नियंत्रण में कर दिया जाए। संघ के सलाहकार विवेक जोशी तथा ममता कठायत, चंदन सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन कार्मिकों को बार बार झूठा आश्वासन देकर अपनी मनमानी करता रहा है, नर्सिंग, एक्सरे टेक्नीशियन के 4600 ग्रेट पे के संबंध में बार बार अनुरोध करता है। किंतु अब हम पीछे हटने वाले नहीं है जब तक सभी मांगो का निस्तारण नहीं किया जाता हम आंदोलन को समाप्त नहीं करेंगे।

## दस नशे के इंजेक्शन के साथ एक युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
वनभूलपुरा थाना पुलिस ने एक युवक को 10 नशे के इजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेशी के लिए भेज दिया है। एसआई संजीत राठौड़ ने बताया कि पुलिस टीम गौला पुल चेक पोस्ट के पास गश्त कर रही थी। इसी बीच गौला पार्किंग में हसीन झोपड़ी के पास पहुंचे तो एक लड़का पार्किंग में खड़े ट्रक से उतरकर गौला बाईपास रोड की तरफ भाग गया। सन्देह होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद सलीम उर्फ विट्ठू निवासी इन्द्रानगर बड़ी रोड होना बताया।

## ऋषिकेश में आयोजित किया गया विशेष दाखिल खारिज कैंप

**वादों का निस्तारण**

8 ऋषिकेश तहसील के अंतर्गत लंबित दाखिल खारिज वादों का निस्तारण तहसील परिसर में किया गया।



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश तहसील के अंतर्गत लंबित दाखिल खारिज वादों का निस्तारण शुक्रवार को तहसील परिसर में किया गया। जिसमें कुल 590 मामले दर्ज किए गए, जिसमें से आठ विवादित और 11 विरासती सहित कुल 18 मामलों का निस्तारण किया गया। यह जानकारी ऋषिकेश तहसीलदार चमन सिंह ने मामलों की सुनवाई करते हुए दी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी सोनिका के निर्देश पर जनपद देहरादून अंतर्गत तहसीलों में लंबित दाखिल खारिज वादों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।
इसके अंतर्गत तहसील ऋषिकेश में शुक्रवार को लंबित दाखिल खारिज वादों के निस्तारण हेतु विशेष दाखिल खारिज निस्तारण कैंप का आयोजन किया गया है। उन्होंने ऋषिकेश तहसील के अंतर्गत आने वाले सभी लोगों से कैंप के माध्यम से अपनी शिकायतों का समाधान करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आज तहसील में कुल 590 मामले दर्ज किए गए थे।
कुल 18 मामलों का इस कैंप के अंतर्गत सुनने के बाद निपटारा किया गया है।

## मौसमी बीमारियों से बचाव करें: डॉ. अग्रवाल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मौसमी बीमारियों पर कैसे अंकुश लगाया जाए, चिकित्सक इसके लिए चिंतित रहते हैं। बरसात में मौसमी बीमारियों के कारण बड़ी संख्या में मरीज चिकित्सालयों की ओर आते हैं। मानसून का असर लोगों की सेहत में भी देखने को मिल रहा है। दून अस्पताल में बड़ी संख्या में विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, बदन दर्द के साथ ही प्लेटलेट कम होने की वजह से मुंह से खून आने की शिकायत लेकर मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं।
अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ अनुराग अग्रवाल के मुताबिक




मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण अस्पताल की ओपीडी ढाई हजार से अधिक पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि मौसम के बदलाव के दौरान खानपान व रहन-सहन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बुखार से बचने के लिए मच्छरों से बचें, घर के आसपास साफ-सफाई रखें, जिससे डेंगू से बचा जा सके।

## रिलायंस ज्वेल्स ने लॉन्च किया अपना आभार कलेक्शन 2023

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
रिलायंस ज्वेल्स आभूषण उद्योग में भरोसे और उत्कृष्टता का दूसरा नाम बन चुका है, जिसने अपनी 16वीं वर्षगांठ के मौके पर बड़े उत्साह के साथ आभार कलेक्शन 2023 को लॉन्च किया है, जिसका ग्राहकों को हमेशा इंतजार रहता है। रिलायंस ज्वेल्स ने बीते 16 सालों में शानदार कामयाबी हासिल की है और अपने ग्राहकों के दिलों में खास जगह बनाई है, और यह विशेष एनिवर्सरी कलेक्शन इसी के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक माध्यम है। रिलायंस ज्वेल्स ने पिछले कुछ सालों में एक ऐसे ब्रांड के तौर पर अपनी पहचान बनाई है, जिसने अपने बेमिसाल डिजाइन और बेहद उम्दा कारीगरी के साथ ज्वेलरी इंडस्ट्री में एक नई मिसाल कायम की है। हमारे लिए आभार कलेक्शन अपने सम्मानित ग्राहकों का शुक्रिया अदा करने का एक जरिया बन गया है। सोने और हीरे की इयररिंग्स के अति सुंदर डिजाइन, सही मायने में रिलायंस ज्वेल्स और इसके ग्राहकों के बीच 16 सालों के सुखद संबंधों का प्रतीक है। रिलायंस ज्वेल्स ने इस कलेक्शन के जरिये अपने सभी ग्राहकों के प्रति तहे दिल से आभार व्यक्त और उन्हें ष्धन्यवादष् कहने की कोशिश की है। इस कलेक्शन के प्रत्येक इयररिंग का डिजाइन काफी सोच-समझकर तैयार किया गया है, जो बड़ी बारीकी से आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और अनोखेपन को बखूबी उजागर करता है। आभार कलेक्शन को ग्राहकों की पसंद के अनुरूप कई तरह के स्टाइलिंग विकल्पों के साथ पेश किया गया है, जिसमें बेहद सादगी भरे लुक वाले गहनों से लेकर भव्य तरीके से आयोजित होने वाले समारोहों के लिए जबरदस्त स्टाइल वाले आभूषण शामिल हैं।
16वीं वर्षगांठ समारोह और आभार कलेक्शन के लॉन्च पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए, सुनील नायक, सीईओ, रिलायंस ज्वेल्सने कहा कि हमें बेहद खुशी हो रही है कि हमने इस इंडस्ट्री में 16 साल पूरे कर लिए हैं, और हम अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने मूल्यवान ग्राहकों के असीम प्यार और उनके भरोसे को देते हैं। एक्सक्लूसिव इयररिंग्स के आभार कलेक्शन काफी मायने रखता है, क्योंकि यह ग्राहकों के साथ हमारे गहरे और मधुर संबंधों को दशार्ता है।

## बारिश से प्रभावित हुए वार्डों में नगर निगम का राहत कार्य जारी

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी में बीते दिनों की मूसलाधार बारिश के कारण प्रभावित हुए वार्डों में नगर निगम का राहत कार्य जारी है। अत्यधिक प्रभावित वार्ड नंबर 1, 2, 34, 35, 37, 42, 45, 47, 48, 49, 50, 53 में मलबा निस्तारण का काम शुक्रवार को भी किया गया।
इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में रोड क्लीनिंग, कूड़ा निस्तारण, ड्रेन क्लीनिंग, कीट नाशक का छिड़काव आदि कार्य भी किये जा रहे हैं।

## प्रेमनगर आश्रम की माता के जन्मदिन पर हुआ पर्यावरण जागरूकता समारोह



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार स्थित प्रेमनगर आश्रम की अधिष्ठात्री माता अमृताजी का 65वां जन्मोत्सव शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माता अमृता जी का जन्मदिन पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता को समर्पित रहा। इस अवसर पर नारी सशक्तिकरण पर बल देते हुए सभी ने पर्यावरण का संरक्षण करने व पर्यावरण जागरूकता के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।
जन्मदिन पर प्रेम नगर आश्रम के गोवर्धन हाल में आयोजित पर्यावरण जागरुकता समारोह का पुलिस क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल, विद्याभारती के प्रांतीय मंत्री डॉ. रजनीकांत शुक्ल व प्रबंधक पवन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने जन्मदिन को पर्यावरण जागरूकता समारोह के रूप में मनाने की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्यावरण के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पर्यावरण की रक्षा करने में लापरवाही बरतने का अर्थ स्वयं अपना विनाश करना है। उन्होंने कहा पर्यावरण के ह्रास से मानव के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा हो गया है। मानव जाति के कल्याण एवं संरक्षण के लिए पर्यावरण का संरक्षण एवं सुधार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें भूमि, वायु और जल जैसे प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग बुद्धिमत्ता पूर्ण और मितव्ययिता पूर्ण तरीके से करना चाहिए और इसके लिए लोगों में जागरूकता लाने, सोच में बदलाव करने तथा उनकी भागीदारी की आवश्यकता है,तभी पर्यावरणीय क्षति को रोका जा सकता है।
इस अवसर पर नारी सशक्तिकरण और नारी सम्मान को बढ़ावा दिए जाने के साथ पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता के लिए कार्य कार्य करने का संकल्प लिया गया। समारोह में बाल कलाकारों ने गीत, नाटक की प्रस्तुतियां दीं।जबकि संगीत टोली ने सुमधुर गीतों व भजनों से सबका मन मोह लिया।

## पूर्व पत्रकार जिगना वोरा ने ली स्वामी गर्व गिरि से अध्यात्म दीक्षा

**मांग**

8 ऋषिकुल गुरुकुल आयुर्वेद कॉलेज को पूर्व की भांति राज्य सरकार में नियंत्रण में कर दिया जाए



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
महाराष्ट्र की जानी-मानी पूर्व पत्रकार जिगना वोरा ने ग्राम कांगड़ी श्यामपुर के बाबा वीरभद्र सेवाश्रम न्यास के परमाध्यक्ष जूना अखाड़ा महामंडलेश्वर स्वामी गर्व गिरि महाराज से आध्यात्मिक दीक्षा ग्रहण की।
इस मौके पर स्वामी गर्व गिरि महाराज ने कहा कि महाराष्ट्र ही नहीं अपितु देश की जानी-मानी पूर्व क्राइम रिपोर्टर पत्रकार जिगना वोरा को पत्रकारिता जगत ही नहीं, देश में अग्रणी भूमिका निभाने वाले अधिकतर लोग जानते हैं। जिगना वोरा क्राइम रिपोर्टर रही हैं। उन्होंने अपने जीवन में सभी उतार चढ़ाव देखे हैं। इन सबको पीछे छोड़कर अब जिगना वोरा आध्यात्मिक मार्ग पर अग्रसर हो चुकी हैं और अध्यात्म के बल पर देश और समाज की सेवा करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि अब जिगना वोरा देश और समाज को सनातन धर्म और संस्कृति की ओर प्रेरित करेंगी। जिगना वोरा महिलाओं को जागरूक कर उन्हें प्रेरित करेंगी। जिगना वोरा ने कहा कि उन्होंने जिंदगी के हर पड़ाव को बड़ी नजदीकी से देखा है। उन्होंने देश की पत्रकारिता में क्राइम रिपोर्टर के क्षेत्र में रहकर बड़ी-बड़ी क्राइम स्टोरी की है। पूर्व पत्रकार जिगना वोरा ने हंसल मेहता की वेब सीरीज स्कूप के बारे में भी बात की और अपना अनुभव साझा किया।
वेब सीरीज स्कूप चर्चा में है। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। जिगना वोरा ने बताया कि अध्यात्म से जीवन को शांति, सद्गति, सद्मार्ग मिलता है।
अध्यात्म जीवन जीने की कला सिखाता है। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करने की बात भी कही।

## आरबीआई मॉनिटरी पॉलिसी पर एचडीएफसी बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री अभीक बरुआ की टिप्पणी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।**
आरबीआई ने उम्मीद के मुताबिक अपनी नीतिगत दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा, लेकिन इसका संदेश स्पष्ट रूप से आक्रामक था। यह वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में मुद्रास्फीति के अनुमान को 100 बीपीएस से बढ़ाकर 6.2 प्रतिशत करने और बैंकों के लिए वृद्धिशील सीआरआर के माध्यम से तरलता को मजबूत करने के निर्णय में परिलक्षित हुआ।
उत्तरार्द्ध सिस्टम तरलता संतुलन को 60-70के करोड़ रुपये तक कम कर सकता है। हालांकि आईसीआरआर के फैसले की सितंबर में समीक्षा की जानी है और यह एक अस्थायी निर्णय हो सकता है, लेकिन अगर मुद्रास्फीति का दबाव बना रहता है, तो टिकाऊ तरलता में सख्ती जारी रहने की संभावना है। आरबीआई ने मुद्रास्फीति को स्थायी आधार पर 4 प्रतिशत पर वापस लाने के अपने संकल्प को दोहराया और अस्थायी सब्जी मूल्य दबावों से परे जोखिमों पर प्रकाश डाला। हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024 में मुद्रास्फीति औसतन 5.6 प्रतिशत रहेगी और सितंबर तक मुद्रास्फीति 6 प्रतिशत से ऊपर रहने की उम्मीद है।

